## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

**बड़वारा।** शासकीय महाविद्यालय बड़वारा मैं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष के रूप मैं गुड्डु साहू के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर गरिमामय कार्यक्रम में बड़वारा विधानसभा के नवनिर्वाचित बिधायक धीरेन्द्र सिंह का अपने विद्यालय परिवार में स्वागत वंदन किया गया तथा अच्छे अंक लाने वाले छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, भाजपा मंडल अध्यक्ष बड़वारा बृजेन्द्र सिंह ,सिलौड़ी भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रशांत रॉय,भाजपा के पूर्व जिलामंत्री महेन्द्र जायसवाल, बड़वारा तहसीलदार मनीष शुक्ला, कॉलेज की प्राचार्य डॉ श्रीमति रोशनी पांडेय, समस्त जनभागी समिति के सदस्य, भाजपा के अन्य पदाधिकारी एवं कॉलेज के स्टाफ छात्र छात्राओं की उपस्थित रही. जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष गुड्डु साहू ने उपस्थित सम्मानीय अैतिथि जनों को विगत एक वर्ष में महा विद्यालय बड़वारा में किये गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि बड़वारा कॉलेज मैं फर्नीचर की व्यवस्था की गई है खेल मैदान का निर्माण भी करवाया गया है साथ ही कालेज में अध्ययनरत रत छात्र छात्राओं की कई मांग पूरी हुईं हैं एवं बहुत जल्द ही स्मार्ट क्लास एवं सीसी टीवी कैमरे की व्यवस्था की जाएगी।

### हादसे के बाद जागा अमला, वाहनों की जांच

**कटनी।** गुना में हुए बस हादसे के बाद कटनी जिला प्रशासन एलर्ट मोड में आ गया है। आरटीओ और पुलिस ने संयुक्त रूप से बसों की जांच की। जांच में बसों के परमिट, फिटनेस, ड्राइवर की वर्दी, ओवर लोडिंग, नंबर प्लेट तय मानकों के अनुसार देखी। 30 बसों की जांच की गई। इसमें नियमों का पालन नहीं करने पर दस हजार रुपए जुर्माना लगाया गया। कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि पन्ना तिराहे में आरटीआई अधिकारी विमलेश गुप्ता के साथ बसों की जांच की गई। चैकिंग में बसों के परमिट, फिटनेस देखे। ड्राइवर के वर्दी में नही होने और ओवर लोडिंग पर 10 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। यह कार्रवाई चलती रहेगी। ड्राइवर को कहा है कि बस ज्यादा तेज न चलाएं।

### निर्वाचन के दौरान स्कूलों को आरक्षित करने आदेश

**कटनी।** नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 9 एवं 36 तथा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 15 निर्वाचन होना है। जिसके तहत 5 जनवरी को मतदान होना निर्धारित है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी की ओर मतदान केन्द्रों की सूची प्रेषित कर संबंधित विद्यालय को बनाये गये मतदान केन्द्र की ताला-चाबी तथा 4 जनवरी एवं 5 जनवरी को तदान केन्द्र भवन आरक्षित करते हुये आवश्यक व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

### पकड़ा गया शातिर बदमाश

**कटनी।** कोर्ट से जमानत मिलने के बाद लगातार 6 साल तक दो थानों की पुलिस को चकमा देने वाले एक शातिर बदमाश को कोतवाली पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए शातिर बदमाश के खिलाफ माननीय न्यायालय ने पांच बार गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रही थी। आज कोतवाली पुलिस ने शातिर बदमाश राजा मद्रासी को खिरहनी फाटक क्षेत्र से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि बालाघाट निवासी 37 वर्षीय राजा मद्रासी पिता रामू मद्रासी माधव नगर एवं कोतवाली क्षेत्र में वारदातों को अंजाम देता था। दोनों ही थानों की पुलिस इसकी पिछले 6 साल से तलाश कर रही थी।

---

### कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड में हुई घटना, कारण अज्ञात

# दोस्तों साथ घूमकर आधी रात को अपने घर पहुंचा युवक और सीने में दाग ली गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कोतवाली थाना अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड निवासी एक 20 वर्षीय युवक ने बीती रात बाथरूम में जाकर साइलेंसर लगी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। बाथरूम में गिरने की आवाज आने पर स्वजन जागे तो दरवाजा अंदर से बंद पाया। दरवाजा तोड़कर युवक को लहूलुहान अवस्था में स्वजन रात को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया युवक ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया इसके संबंध में खुलासा नहीं हो सका है। कोतवाली पुलिस जांच कर रही है।





जानकारी के अनुसार महात्मा गांधी वार्ड के तिलक राष्ट्रीय स्कूल के सामने बस्ती में रहने वाले विकास छिपेल पिता संतोष छिपेल 20 वर्ष गुरुवार की रात को दोस्तों के साथ घूमने फिरने के बाद घर आकर खाना खाकर सभी के साथ अपने कमरे में चला गया था। रात 1:30 बजे के लगभग बाथरूम में कुछ गिरने की आवाज आने पर विकास की भाभी ने परिवार के लोगों को जगाया। घर के लोग पहुंचे तो बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर आवाज देने के बाद जब दरवाजा नहीं खुला तो स्वजनों ने दरवाजा तोड़ दिया। अंदर देखा तो विकास लहूलुहान पड़ा था और पास में ही साइलेंसर लगी पिस्टल पड़ी थी। उसने खुद को साइलेंसर लगी पिस्टल से सीने में गोली मारी थी। स्वजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### घटना स्थल सील, जांच जारी

घटना स्थल को पुलिस ने सील कर दिया है और मामले की जांच कर रही है। युवक के पास पिस्टल कहां से आई और उसने किस कारण से खुद को गोली मारी इस बात की जानकारी स्वजनों को भी नहीं है। परिवार के लोगों ने बताया कि उसने अपने मोबाइल का सारा डाटा भी डिलीट कर दिया है। जिसके चलते उसकी किसी से दुश्मनी थी या वह किसी बात को लेकर परेशान था, इस बात की जानकारी फिलहाल नहीं लग सकी है।

---



## एसीसी ने हा.से. स्कूल का मनाया शताब्दी समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कैमोर स्थित एसीसी हायर सेकेंडरी स्कूल ने अपनी 100वीं वर्षगांठ मनाई। एसीसी जिमखाना क्रिकेट मैदान में आयोजित शताब्दी समारोह में अदाणी फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. प्रीति अदाणी भी उपस्थित रहीं। दिनभर चले कार्यक्रम में स्कूल की अब तक की यात्रा को प्रदर्शित करने वाली एक डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग भी की गई, जिसके बाद स्मृति चिन्ह का विमोचन और पूर्व छात्रों द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया।

डॉ. प्रीति अदाणी ने इस ऐतिहासिक अवसर पर स्कूल के कर्मचारियों, छात्रों और पूर्व छात्रों को बधाई देते हुए कहा, "शिक्षा सामाजिक प्रगति की नींव है और एसीसी हायर सेकेंडरी स्कूल की सदियों पुरानी विरासत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रतीक है।

एसीसी हायर सेकेंडरी स्कूल की यात्रा 1923 में गौरी शंकर पांडे के नेतृत्व में केवल दो कक्षाओं के साथ शुरू हुई थी। 2010 में उच्च माध्यमिक छात्रों के लिए प्रयोगशालाओं, एक पुस्तकालय, चार कक्षाओं और शौचालयों सहित अन्य सुविधाओं का निर्माण किया गया। राज्य की मेरिट सूची में स्कूल के छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाने का काम किया। 2017 में प्रिंसिपल की भूमिका संभालने वाले सुधांशु मिश्रा के नेतृत्व में स्कूल लगातार प्रगति कर रहा है।

---

### आरटीओ द्वारा की गई जिले की 22 यात्री बसों की जांच

## नियम विरूद्ध तरीके से दौड़ रहीं बसों पर 2 लाख से अधिक का लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिला अंतर्गत संचालित 22 यात्री बसों की जांच की गई। जांच के दौरान बसों के बीमा, परमिट, फिटनेस, लायसेंस, प्रदूषण प्रमाण पत्र सहित ओव्हरलोडिंग आदि से संबंधित दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। जिसमें अभिलेखीय कमियां पाये जाने पर संबंधित वाहनों के विरूद्ध मोटर यान कर एवं समन शुल्क के रूप में कुल 2 लाख 3 हजार 422 रूपये का जुर्माना किया गया।



अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को कार्यवाही के दौरान यात्री बस क्रमांक एम.पी. 07 एफ 2055 बिना परमिट एवं फिटनेस बीमा के संचालित पाई जाने पर थाना कुठला में जप्त कर वाहन संचालक से 33 हजार 48 रूपये मोटर यान कर एवं 65 हजार 800 रूपये समन शुल्क जमा कराया गया। इसी तरह एक अन्य प्रकरण पर यात्री बस क्रमांक एम.पी. 12 पी -0336 से मौके पर 1 लाख 4 हजार 572 रूपये मोटरयान कर जमा कराते हुए कार्यवाही के दौरान मोटरयान शुल्क के रूप में कुल 1 लाख 31 हजार 622 रूपये तथा समन शुल्क के रूप में 71 हजार 800 रूपये जमा कराये गए।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को कार्यवाही के दौरान कुल 22 बसों की जांच की गई। कलेक्टर ने बसों के अभिलेखों और फिटनेस से संबंधित बसों की जांच की कार्यवाही जिले मे निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए है। शुक्रवार को परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान परिवहन कार्यालय, यातायात थाना व थाना कुठला का स्टाफ उपस्थित रहा।

---

## सीईओ ने निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण



जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर जनपद पंचायत के सीईओ द्वारा निर्माण एवं विकास कार्यों में प्रगति लाते जाने हेतु निरंतर भ्रमण कर निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए जा रहे हैं। शुक्रवार को जनपद पंचायत विजराघवगढ़ के सीईओ ब्रतेश जैन ने ग्राम पंचायत खेरवा नंबर एक और बंजारी में प्रगतिरत निर्माण एवं विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। विजिट के दौरान उन्होंने पुष्कर धरोहर तालाबों के प्रगतिरत अपूर्ण कार्यों को नियत समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाने के निर्देश ग्राम पंचायत निर्माण एजेंसी को दिए। श्री जैन ने कहा कि निर्माण कार्यों की पूर्णता के साथ-साथ तकनीकी मानकों का पालन किया जाए ताकि कार्यों के पूर्ण होने पर जनमानस को इसका भरपूर लाभ मिल सके। उन्होंने सख्ती से कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी।

---

## समाधानकारक उत्तर नही मिलने पर शिक्षक पर हुई निलंबन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी के द्वारा दिनांक 20 दिसंबर को जनपद पंचायत बड़वारा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बंजारी टोला के निरीक्षण में चार बजे विद्यालय बंद पाया गया एवं ग्रामवासियों के द्वारा बताया गया प्रतिदिन विद्यालय समय के पहले बंद हो जाता है। तत्संबंध में श्री प्रधुम्न तिवारी प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बंजारी टोला, को जिला परियोजना समन्वयक जिला



शिक्षा केन्द्र कटनी के पत्र क्र.2167 कटनी दिनांक 21-12-2023 द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया, जिसका जवाब श्री तिवारी द्वारा दिनांक 26-12-2023 को प्रस्तुत किया गया, जो कि समाधानकारक नहीं पाया गया। संबंधित का उक्त कृत्य अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही है। अतः प्रद्युम्न तिवारी प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला बंजारी टोला संकुल केन्द्र शा.उ. मा. वि. बसाडी विकासखण्ड – बड़वारा, जिला कटनी को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के उपनियम-9 के प्रावधान अनुसार तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बड़वारा जिला कटनी होगा एवं इस अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

---

### कलेक्टर के निर्देश पर गठित जांच दल ने की कार्यवाही

## दो वाहनों से 134 क्विंटल धान के अवैध परिवहन पर वसूले गए 27551 रूपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर के निर्देश पर धान उपार्जन में दलालों, बिचौलियों और व्यापारियों के कुत्सिंत मंसूबों पर लगाम लगाने जिला प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। इसी के तहत जिले में अन्य जिलों से शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए लाई जाने वाली अवैध धान पर सख्ती से रोकथाम के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद ने जांच नाकों मे कृषि उपज मंडी के उडनदस्ता दल तैनात कर वन एवं खनिज जांच नाकों में कृषि उपज मंडी के उडनदस्ता दल को बैठाकर वाहनों को रोकने और अवैध परिवहन पर नियंत्रण रखा जा सके। कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपार्जन समितियों को सख्त निर्देश है कि उपार्जन केन्द्रों मे केवल जिले के किसानों का ही धान समर्थन मूल्य पर खरीदी जाए।



### दो वाहनों में पाया गया धान का अवैध परिवहन

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर संयुक्त जांच नाकों में अवैध अनाज परिवहन और क्रय विक्रय के मामलों की निगरानी हेतु तैनात उडनदस्ता दल द्वारा मझगवां रोड एवं पन्ना रोड हाईवे में वाहनो के निरीक्षण के दोरान अवैध परिवहन हो रही 134 क्विंटल धान के दो वाहन सहित जब्त करनें में बडी सफलता मिल सकी। कृषि उपज मंडी समिति के मंडी सचिव राकेश कुमार पनिका के मार्गदर्शन में दोनों वाहन द्वारा कृषि उपज धान का अवैध परिवहन करते हुए पकडे पाये जाने पर दाण्डिक मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क एवं समझौता शुल्क के रूप में 27 हजार 551 रूपये की वसूली की जाकर कार्यालय में जमा कराई गई है।

कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर कृषि उपज मंडी सचिव राकेश कुमार पनिका ने कार्यवाही के दौरान मझगवां रोड एवं पन्ना रोड हाईवे में वाहनों के निरीक्षण के दौरान एक टेªक्टर वाहन तथा एक अन्य वाहन क्रमांक एम.पी. 30 जी.ए. 1033 की जांच के दौरान 134 क्विंटल धान का अवैध परिवहन पाया गया था। जांच दल मे सहायक उप निरीक्षक संजय तिवारी, राजेन्द्र कुमार चौधरी, किशोर कुमार पनिका, उमेश यू, अमित केशरवानी, अजय कुमार पड़वार सहित सुधीर त्रिपाठी मौजूद रहे।

---

### ढीमरखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायत कचनारी में सुधर रहा पर्यावरण

## श्रमिकों की मेहनत से बंजर भूमि में चहुंओर फैली हरियाली की चादर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से गाँव की खाली जमीन पर महज तीन साल पहले 680 छायादार और फलदार मिश्रित प्रजातियों के पौधे लगाए थे, अब ये पौधे पेड़ बन चुके हैं और कुछ में फल भी आने लगे हैं। इस वृक्षारोपण ने खाली पड़ी को हरियाली की चादर से ढंक दिया है। इस हरियाली से गाँव की आबो-हवा अब स्वच्छ होने के साथ-साथ आस-पास का पर्यावरण भी सुधर रहा है। ग्राम रोजगार सहायक मुकेश बरकड़े द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण के पूर्व उक्त शासकीय भूमि को संभावित अतिक्रमण से बचाया जा सका है। ग्राम पंचायत के उक्त कार्य की देखरेख करने वाले श्री गिरवरलाल की अथक मेहनत शुरूआती वर्षों में जब ग्राम पंचायत में पानी की समस्याा थी उस दौरान पौधों को जल प्रदान करते हुये सिंचाई कर पौधों को जीवित रखा गया जिससे आज जीवित पौधे ग्राम पंचायत की आय के स्रोत के रूप में परिणित हुये है।



मनरेगा श्रमिकों के लगातार मेहनत से कचनारी गाँव की चार एकड़ जमीन को आज हरा-भरा बना दिया है। महज चार साल की अवधि में रोपे गए सभी पौधे आज कम से कम दस फीट के हरे-भरे पेड़ बन चुके हैं। ग्राम पंचायत में फैली सघन हरियाली और उनके मध्य उड़ती रंग-बिरंगी तितलियाँ व विभिन्न प्रजाति के पक्षियों की आवाजों ने इसे परंपरागत वृक्षारोपण से अलग कर विशेष वृक्षारोपण का दर्जा दे रहे हैं।

### भू-जल स्तर में सुधार

अब प्लांटेशन के आस-पास का भू-जल स्तर 150 से 200 फीट का हो गया है, जो कभी 100 फीट से नीचे चला गया था। बंजर भूमि की बदली इस तस्वीर ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर काफी प्रभावित किया है। इस वृक्षारोपण से ग्राम पंचायत कचनारी को लगभग 2 साल के अन्दर फलदार पौधो से लगभग 50 हजार से 1 लाख रुपये की आय होना संभावित है।

जलसंरक्षण एवं सवर्धन के लिए पंचायत ने खाली पडी शासकीय भूमि पर वृक्षारोपण का प्रस्ताव रखा था। जिस पर जून 2019 में राशि 5.44 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई। ग्रामीणों को रोजगार देने और जलसंरक्षण एवं सवर्धन के लिए पंचायत ने वृक्षारोपण का काम शुरु किया। भूमि पर 3 फीट गहराई से मिट्टी खोदकर, उसमें वर्मी कम्पोस्ट डालकर उसे उपजाऊ बनाया गया। पौधों को रोपने का कार्य गाँव के लगभग 513 मनरेगा श्रमिकों ने अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रुप में पूरा किया है।

---

## आदतन अपराधी को हर 15 दिन में देनी होगी हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ्री अवि प्रसाद ने गंभीर आपराधिक कृत्यों में लिप्त आदतन अपराधी रार्बटराईन माधवनगर निवासी मोहित धामेचा के विरूद्ध रासुका अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए एक वर्ष की अवधि तक प्रत्येक 15 दिन में एक बार माधव नगर पुलिस थाना में उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश पारित किया है।

कलेक्टर ने मोहित धामेचा उम्र 31 वर्ष के विरूद्ध कार्यवाही पुलिस अधिक्षक द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन के आधार पर की है। मोहित धामेचा के विरूद्ध वर्ष 2009 से थाना माधवनगर में लगातार चोरी, नकबजन, मार पीट, अवैध शस्त्र रखने, अवैध वसूली, हत्या के प्रयास, अवैध विस्फोटक पदार्थ रखना, महिलाओं के साथ छेड़-छाड़ करना, आम जन के साथ मारपीट करना जैसे 27 संगीन अपराध घटित किये गये हैं। मोहित की आपराधिक गतिविधियों के कारण क्षेत्र में शाति भंग एवं लोक प्रशांति का खतरा पैदा हो गया है। मोहित धामेचा आम जनता के लिए आतंक का पर्याय बन चुका है।

सुनवाई करते हुए मोहित धामेचा ने बताया गया कि उसके दोनो पैरो का आपरेशन कर प्लेट एवं दोनो हाथ की हड्डियों का आपरेशन कर राड डाली गई है और उसे बेडरेस्ट की सलाह दी गई है। मोहित उठने बैठने चलने फिरने में भी असमर्थ है। उसके इस स्वास्थ्य परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी ने मानवीय पहलू को ध्यान में रखते हुए जिला बदर की कार्यवाही करना उचित नहीं माना।

## खबर संक्षेप



### पशु स्वास्थ्य शिविर में हुआ 211 पशुओं का उपचार

**कटनी**। ग्राम पंचायत नन्हवाराकला में आयोजित पशु स्वास्थ्य एवं बांझपन निवारण शिविर में 211 पशुओं का उपचार किया गया है। जिसमें 82 गाय, 83 भैंस और 46 अन्य प्रणाली के पशु शामिल है। शिविर में उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर.के. सिंह विशेष तौर पर मौजूद रहे। शिविर में सार्टेड सिमेन से पैदा गाय और भैंस के बछिया, पड़िया पशुपालक लेकर आये। जो पशुपालक नन्हवाराकला शिविर में पहुंचे उनमें रामानुजन पांडे, मिहीलाल वर्मा, ओमकार बर्मन, सुखेन्द्र सिंह बागरी, पप्पू चक्रवर्ती मौजूद रहे। पशु चिकित्सालय विजयराघवगढ के एम पी सिंह बहेलिया एवं राकेश बहेलिया, हेमराज जनपद सदस्य विजयराघवगढ़, उप सरपंच अरुन बागरी, अमित कुमार सोनी मैनेजर सीएसआर अडाणी फाउनडेसन, बाएफ टीम से प्रभात कुशवाहा परियोजना अधिकारी, आदि ग्राम के पशुपालक उपस्थित रहे।

### सेक्टर आफीसर का प्रशिक्षण 2 जनवरी को

**कटनी**। स्थानीय निर्वाचन उत्तरार्ध अंतर्गत 5 जनवरी 2024 को मतदान संपन्न होना है। मतदान दिवस के एक दिवस पूर्व से मतदान दिवस की रात्रि तक मतदान दलों की पहुंच एवं वापसी, प्रति दो घंटे का मतदान प्रतिशत, माकपोल, पोल प्रारंभ एवं समाप्ति की सूचना हेतु प्रशिक्षण का आयोजन 2 जनवरी 2024 को दोपहर 3 बजे से जिला निर्वाचन कंट्रोल रूम के कक्ष क्रमांक 99 में प्रदाय किया जाना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्थानीय निर्वाचन उत्तरार्ध हेतु नियुक्त समस्त सेक्टर ऑफीसर को निर्धारित समय पर उपस्थित होने निर्देशित किया है।

### मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का अवसर

**कटनी**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी 2024 के मान से निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 के मध्य दावे-आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जाएगा। आयोग के जारी कार्यक्रम अनुसार उक्त अवधि में नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने आवेदन कर सकते हैं।

### गोरखपुर ने एक विकेट से जीता मैच

**उमरियापान**। अंधेलीबाग ग्राउंड उमरियापान में खेली जा रही लैदरबाल संतोष क्रिकेट ट्राफी में शुक्रवार को स्पर्धा का चौथा लीग मैच आरसीसी बनखेडी पिपरिया और गोरखपुर उप्र टीम के बीच खेला गया। जिसमें रोमांचक मुकाबले में गोरखपुर ने एक विकेट से मैच पर जीत दर्ज कर क्वार्टर में प्रवेश कर लिया। बनखेडी टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 103 रनों का स्कोर खडा किया। जवाबी पारी में गोरखपुर टीम ने 18वें ओवर मे लक्ष्य पार कर लिया। गोरखपुर की ओर से बल्लेबाज विकास ने सबसे अधिक 48 रन बनाए। मैच में गोरखपुर के आलराउंडर खिलाडी विकास को मैन आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान मोहनलाल चौरसिया, राधिका चौरसिया, सचिव सतीश गौतम, प्रमोद असाटी, जगन्नाथ मांझी, चौरसिया उपस्थित रहे।

### तबला वादक राहुल ने ग्वालियर में दिखाई प्रतिभा

**उमरियापान**। समीपस्थ ग्राम घुघरी निवासी तबला वादक राहुल गौतम ने ग्वालियर के कर्ण महल में हुए दो दिवसीय ताल दरबार में अपनी प्रतिभा दिखाई। वह गीतांजलि संगीत महाविधालय कटनी की ओर से उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे। इसके लिए संस्कृति विभाग ने छात्र को प्रशस्ति प्रमाण पत्र व शील्ड प्रदान किया। उल्लेखनीय है कार्यक्रम में विभिन्न ज़िलों के 1500 तबला वादको ने एक साथ तबला वादन की प्रस्तुती दी। इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सम्मिलित किया गया है।

---

### रेल यात्रियों को बनाते थे निशाना, बदमाशों को भेजा गया हवालात

# जीआरपी ने चार शातिर बदमाशों को पकड़ा सोने का मंगलसूत्र सहित मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रेल यात्रियों की सामग्री चोरी करने वाले बदमाशों को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। चोरों के पास से नकद, मोबाइल सहित मंगलसूत्र जप्त किया है। कुल 59 हजार रुपए की सामग्री जब्त की गई है।

जीआरपी टीआई अरुणा वाहने ने बताया कि संतोषी शुक्ला निवासी बदेरा थाना इटमा जिला सतना ट्रेन क्रमांक 11703 रीवा अंबेडकर नगर एक्सप्रेस में 27 नवंबर को सतना से सागर की यात्रा कर रहीं थी। यात्रा के दौरान कटनी स्टेशन के आउटर में अज्ञात बदमाश ने बैग पार कर दिया था। बैग में 5000 नकद, सोने के जेवर व एक मोबाइल रखा हुआ था। वह चोरी हो गया था। महिला की शिकायत पर जीआरपी ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू की थी। इस मामले में जीआरपी ने मुखबिर की सूचना पर कुलदीप सिंह उर्फ पंजाबी उर्फ बिचकू निवासी झर्रा टिकुरिया को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपी के पास से मोबाइल, 3 हजार नकद व एक 38 हजार रुपए कीमती मंगलसूत्र जप्त किया गए हैं। आरोपी ने मंगलसूत्र रितेश सोनी झर्राटिकुरिया को बेच दिया था जिस पर भी पुलिस ने मामला दर्ज किया है व गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बताया कि वह साथियों के साथ रहकर स्मैक का आदी हो गया था। इसलिए वह ट्रेनों में चोरी करने लगा था। आरोपी के पास से 59000 का सामान जप्त किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



#### मोबाइल चोरी में तीन पकड़ाए

इसी तरह ट्रेनों में मोबाइल सहित अन्य सामग्री चोरी करने वाले बदमाशों को भी जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। हालांकि इस मामले में अभी मुख्य आरोपी फरार है। जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने बताया कि 21 दिसंबर को दानापुर-पुणे एक्सप्रेस में विजय तिवारी निवासी मानपुर जिला मैहर यात्रा कर रहे थे। इस दौरान अज्ञात बदमाश ने मोबाइल लूट लिया था। मामले में पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर जीआरपी ने महेश पटेल 19 वर्ष लालपुर रीठी व अभिषेक लोधी 19 वर्ष लालपुर रीठी सहित एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी सुमित उर्फ अतुल वंशकार निवासी झर्राटिकुरिया फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने दो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इसी प्रकार एक अपचारी बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया गया है।

---



## आधी रात को पहुंचे डीआईजी रात्रि गश्त का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देश पर गत रात्रि जिले में कांबिंग गस्त लगाई गई थी। कांबिंग गस्त लगाए जाने की सूचना जब डीआईजी आरएस परिहार को लगी तो वे गश्त का जायजा लेने बगैर किसी सूचना के अचानक आधी रात को कटनी कोतवाली थाने आ पहुंचे। डीआईजी श्री परिहार के कटनी कोतवाली में मौजूद होने की खबर जैसे ही पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा को लगी तो दोनों ही अधिकारी तत्काल कोतवाली थाने पहुंचे। अचानक कटनी कोतवाली पहुंचने के बाद डीआईजी श्री परिहार ने शहर भ्रमण करते हुए की जा रही गस्त का जायजा भी लिया। इस दौरान डीआईजी श्री परिहार ने कोतवाली थाने सहित नगर के सभी थानों के लंबित प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान लंबित प्रकरणों के निराकरण की रफ्तार को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए संतोष जनक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को शहर के गली चौराहों में प्रभावी गस्त कराने एवं गुंडे बदमाशों एवं आदतन अपराधियों पर नजर रखने के अलावा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

---

**पड़ोसी उमरिया जिले से कटनी के बहोरीबंद लेकर आया था युवक**

## गर्भपात की वजह से हुई थी युवती की मौत, डाक्टर और एक युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बहोरीबंद थाना क्षेत्र के एक झोलाछाप डाक्टर द्वारा अवैध रूप से गर्भपात कराने के बाद अविवाहित युवती की मौत और मामले को छिपाने के लिए लाश को फेकने के सनसनीखेज मामले को उमरिया पुलिस ने राजफाश कर दिया है। मृतिका का गर्भपात कराने से उसकी मौत हुई थी, जिसके शव को आरोपियों ने फेक दिया था। मृतिका 7 दिसंबर को घर से निकली थी, 15 दिसंबर को उसका कंकाल बरामद हुआ था। उमरिया पुलिस ने खुलासा करते हुए इस संगीन अपराध के मुख्य आरोपी सहित एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रजनीश पिता बुद्धसेन लोनी निवासी खलौन्ध मृत युवती का गर्भपात कराने कटनी जिले के बहोरीबंद गया था। वहाँ का डॉक्टर सुग्रीव श्रीवास्तव से मिला था, और उसी से अवैध रूप से गर्भपात कराया था।

#### सड़क किनारे फेंक गए थे लाश, मिला कंकाल

कटनी के समीपी जिला उमरिया के ग्राम असोड़ में एक महिला का नर कंकाल मिला था। जिसकी जांच में पता लगा कि महिला का गर्भपात कराया गया था जिसमे उसकी मौत हुई थी। घटना के बाद मुख्य आरोपी एवम आरोपी डॉक्टर बोलेरो से घटना स्थल ग्रह ग्राम असोड़ पहुंचे थे और युवती की लाश सड़क के बगल में फेंक कर फरार हो गए थे। मृतिका 7 दिसंबर को मुड़गुड़ी स्थित अपने मामा के घर जाने के नाम से घर से निकली थी,करींब हफ्ते भर बाद युवती का कंकाल रूपी शव 15 दिसंबर को ग्राम असोड़ स्थित सड़क के बगल में मौजूद कुर बाबा के पास मिला था। इस मामले में पुलिस ने मृतिका की शिनाख्ती अनुपा 20 वर्ष के रूप में की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए उमरिया एसपी निवेदिता नायडू के निर्देशन में जांच शुरू की गई।

#### चार माह का था गर्भ, शव फेंक कर हो गए थे फरार

घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया ने बताया कि आदिवासी अविवाहित मृत युवती अनुपा तीन से चार माह के गर्भ से रही है। आरोपी रजनीश पिता बुद्धसेन लोनी निवासी खलौन्ध मृत युवती का गर्भपात कराने कटनी जिले के बहोरीबंद गया था वहाँ का डॉक्टर सुग्रीव श्रीवास्तव से मिला था और उसी से अवैध रूप से गर्भपात कराया था। बताया जाता है कि इसी बीच 20 वर्षीय आदिवासी युवती की मौत हो गई, जिसके बाद मुख्य आरोपी रजनीश लोनी और झोला छाप डॉक्टर सुग्रीव बोलेरो से युवती की लाश लेकर ग्रह ग्राम असोड़ पहुंचे और सड़क के बगल में कुर बाबा के पास युवती का शव डंप करके मौके से फरार हो गए। बाद में करींब हफ्ते भर बाद युवती की लाश मिली और पूरे मामले का खुलासा हुआ है। बताया जाता है कि इस मामले में मुख्य आरोपी रजनीश लोनी सहित डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाब हो गई है।

---

## योजनाओं का समय सीमा में करें क्रियान्वयन




नीति आयोग के माध्यम से आयोजित वीडियो कान्फेसिंग में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आंकाक्षी ब्लाक में चयनित ब्लाक रीठी से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा निश्चित समय-सीमा में समस्त योजनाओं में राज्य की औसत सीमा में उपर पहुंचने हेतु समस्त विभागों को निर्देशित किया गया। बैठक में प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत सहित मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीठी, जिला प्रबंधक आजीविका मिशन, ब्लाक प्रबंधक आजीविका मिशन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग रीठी, सहायक-यंत्री लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जिला योजना मंडल, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कृषि विभाग, ब्लाक प्रबंधक स्वच्छ भारत मिशन की उपस्थिति रही है।

---

## छात्रों को वितरित की गई किताबें, महापौर ने कहा कलेक्टर की सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने मिशन आधार के अंतर्गत नगर निगम द्वारा संचालित विद्यालयों में पहुंचकर छात्रों को सभी विषयों की पुस्तकें प्रदान की । महापौर ने कहा कि कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा छात्रों के हित में उनके बेहतर परीक्षा परिणाम के लिये सराहनीय पहल की है।



महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने 27 दिसम्बर को निगमाध्यक्ष माननीय मनीष पाठक एमआईसी सदस्य अवकाश जायसवाल शशिकांत तिवारी जयनारायण निशाद पार्षद ओम प्रकाश बल्ली सोनी प्रभा गुप्ता शकुन्तला सोनी सुमित्रा रावत उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक के साथ नगर निगम के केसीएस उच्चतर माध्यमिक शाला साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला एवं ए रविन्द्रराव उच्चतर माध्यमिक शाला के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों को मिशन आधार के अंतर्गत सभी विषयों की पुस्तकें प्रदान की। महापौर ने कहा कि कलेक्टर द्वारा छात्र-छात्राओं के आगामी परीक्षाओं के लिए सराहनीय कार्य किया गया है। विगत वर्ष पूरे जिले का परीक्षाफल अपेक्षानुसार नहीं आया था। जिसको दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर द्वारा मिशन 30 के तहत सभी विषयों के 10-10 प्रश्न प्रतिदिन छात्र-छात्राओं से कराते हैं। कलेक्टर द्वारा मिशन आधार के तहत इस वर्ष अच्छा परीक्षाफल आए। इस सराहनीय पहल हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा बहुत ही प्रशंसनीय कार्य कराया जा रहा है।

---

**जिला सीईओ ने योजनाओं की समीक्षा**

## केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को शीघ्र प्रारंभ करने अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्यास महा अभियान की बैठक लेकर अधिकारियों को कार्य योजना के अनुरूप केन्द्र और राज्य सरकार के योजनाओं को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, विद्युत, खाद्य,, शिक्षा, आदिवासी विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य योजना बनाकर जिले के ढ़ीमरखेडा व बड़वारा अंतर्गत ग्राम कोठी, मारसिंहुडी, हररई, कन्नौर, छीतापाल, पथवारी ग्रामों मे केन्द्र और राज्य सरकार के योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करें।



जिले को विकसित करने के साथ ही जिले के अंतर्गत परिस्थितियों को देखते हुए निर्धारित कार्य योजना तैयार करने, विकास कार्यो को गति देने, आवश्यक बजट तकनीकी तैयार करने, विभागीय समन्वय स्थापित करने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि ढ़ीमरखेडा व बड़वारा अंतर्गत ग्राम कोठी, मारसिंहुडी, हररई, कन्नौर, छीतापाल, पथवारी ग्रामों में ग्रामीणों का आधार कार्ड शतप्रतिशत बनाया जाएगा, जिसके लिए कार्य योजना बनाई गई है, एक सप्ताह के भीतर सभी विभाग अपने-अपने कार्य योजना के अनुरूप कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करें। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि, मातृत्व वंदन योजना, उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन के कार्यों को प्राथमिकता से शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

प्रभारी कलेक्टर ने नलजल योजना घर घर पहुंचाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्वे कर कार्य योजना प्रस्तुत करें। वन विभाग के माध्यम से वनधन केन्द्र बनाए जाने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र के गावों का सर्वे कर उप स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने हेतु कार्ययोजना बनाएं।

---

**सभी केंद्रों में बंद पड़ी धान खरीदी, किसान और केंद्र प्रभारी परेशान**

## उपार्जन केंद्रों में धान का अम्बार, परिवहन न होने से खरीदी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में 15 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी हो रही है।उपार्जन केन्द्रों पर धान का अंबार लगा है। धान परिवहन की गति धीमी होने के चलते केन्द्रों में धान रखने की समस्या शुरू हो गई है।ऐसे में धान खरीदी प्रभावित हो रही है। केन्द्रों में जगह के अभाव में रोजाना किसानों को भटकना पड़ता है।जिसके चलते किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।धान खरीदी के दौरान समय से परिवहन न होने से केंद्र में जगह की कमी हो गई है, जिस कारण खरीदी भी धीमी हो रही है।केंद्र प्रभारी अन्यंत्र स्थानों पर खरीदी कर रहे हैं। परिवहन न होने से केन्द्रों में नया स्टेग लगाने के लिए जगह नहीं है ऐसे में केंद्र में धान खरीदी धीमी रफ्तार से हो रही है। धान खरीदी की सुस्त रफ्तार से इस केंद्र में पंजीकृत किसान भी परेशान हैं।





ढीमरखेड़ा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ब्रजेश जाटव ने गुरुवार को खाम्हा,सिलौंडी और कचनारी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रों में उपज का अंबार लगा मिला। उन्होंने किसानों और केंद्र प्रभारियों से चर्चा की। बगैर पंजीकृत किसानों को केन्द्रों में उपज नहीं रखने को कहा। किसानों ने बताया कि परिवहन न होने से उनकी तौल नहीं हो पा रही है। किसानों ने यह भी कहा कि साहब अभी तक उनके खाते में रुपये नहीं आये हैं। केंद्र प्रभारियों ने बताया कि केन्द्रों में उपज खरीदकर रखी है। परिवहन न होने से उन्हें भी परेशानी होती हैं। केन्द्रों में उपज रखने की जगह तक नहीं है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ब्रजेश जाटव ने बताया कि खाम्हा में 18 हजार क्विंटल, सिलौंडी में 20 हजार क्विंटल और कचनारी में 17 हजार क्विंटल की उपज परिवहन के लिए रखी है।

इसी प्रकार उमरियापान,मडेरा,देवरी मंगेला, टोला, पोंडी कला बी, ढीमरखेड़ा, मुरवारी,झिंना पिपरिया, खमतरा दशरमन, कछारगांव बड़ा के उपार्जन केन्द्रों में भी उपज रखी है। परिवहन न होने की स्थिति में कुछ केन्द्रों में खरीदी बंद पड़ी है। तो कुछ केन्द्रों में एक्का दुक्का किसानों की उपज की तौल हो पा रही है। परिवहन न होने से किसानों के साथ केन्द्र प्रभारियों को भी समस्या हो रही है।

धान उपार्जन केन्द्रों से उपज के परिवहन में लापरवाही पर कलेक्टर अवि प्रसाद ने मप्र नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक अमित गौंड के कार्यों के प्रति नाराजगी जताते हुए नोटिस जारी किया है। परिवहन के कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश भी दिये हैं। वहीं जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला ने भी मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड के जिला प्रबंधक को पत्राचार करते हुए उपार्जित धान का परिवहन कराने कहा है।

---

## जिला स्तरीय अंतर महा विद्यालय प्रतियोगिता शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में जिलेभर की कुल आठ महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के खरे की उपस्थिति में हुआ।

प्रतियोगिता मे सर्वप्रथम छात्रों द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य, क्रीडा अधिकारियों एवं प्राध्यापकों को बैच लगाकर किया गया। प्राचार्य डॉ एस के खरे ने छात्रों को शुभकामनाएं दी एवं अपने उद्बोधन में कहा कि मैच के दौरान खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए ताकि अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिल सके जो भी खिलाड़ी मैच में अच्छा प्रदर्शन करेंगे उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके बाद डॉ चित्रा प्रभात ने अपने उद्बोधन में खेलों का महत्व बताया एवं उन्होंने कहा कि खेलों से छात्रों का शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है।

प्रतियोगिता में पहला मैच शासकीय महाविद्यालय बड़वारा एवं साइंस कॉलेज कैमोर के बीच प्रारंभ हुआ। मैच में टॉस प्राचार्य डॉ एस के खरे द्वारा कराया गया। टॉस साइंस कैमोर कॉलेज की टीम ने जीता एवं गेंदबाजी का फैसला किया। बड़वारा महाविद्यालय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 144 रन बनाए एवं साइंस कॉलेज कैमोर की टीम सिर्फ 51 रन ही बना सकी। इस मैच में बड़वारा महाविद्यालय की टीम विजयी रही। इस प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय तिलक महाविद्यालय क्रीड़ाअधिकारी डॉ राजकुमार द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में हिमांशु बल्लभ दास है।

## खबर संक्षेप

### दुर्गेश गोस्वामी को पितृ शोक

**पन्ना।** बड़े दुःख के साथ सुचित किया जाता हे कि दुर्गेश गोस्वामी जी के पूज्य पिता श्री श्यामलाल गोस्वामी जी का देवलोक गमन आज हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम इटवां में सुबह 11:30 बजे किया गया। तथा भगवान से प्रार्थना की गई कि उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करे।

### महाविद्यालय में मनाया जा रहा गणित दिवस समारोह

**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में रामानुजन के जन्मदिन के उपलक्ष में दो दिवसीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के पहले दिन 29 दिसंबर को विशेषज्ञ व्याख्यान एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय से प्रकाशित होने वाली पत्रिका सुरत्ना का विमोचन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच एस शर्मा एवं जनभागीदारी अध्यक्ष श्री राजेश गौतम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत गणित विभाग की तरफ से विभागाध्यक्ष डॉ पी पी मिश्रा ने किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. एच.एस. शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामानुजन को याद किया तथा उनके द्वारा गणित में दिये गये योगदान को सराहा। व्याख्यान कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय पवई से आए प्राचार्य डॉ पीके मिश्रा ने रामानुजन के जीवन से संबंधित तथ्यों को छात्रों से अवगत कराया एवं फर्जी गणित के विषय में छात्रों को बताया। सतना महाविद्यालय से आए गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आर एस पटेल ने रामानुजन द्वारा गणित में किए गए कार्यों को छात्रों से अवगत कराया तत्पश्चात उन्होंने छात्रों को अध्यात्म से गणित विषय को जोड़ते हुए वैदिक गणित के बारे में अवगत कराया। विशेषज्ञ व्याख्यान के बाद क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. ऋषभदेव साकेत द्वारा किया गया। क्विज प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी भोपाल के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पुष्कर सिंह थे।

### आरओ रेण्डमाइजेशन एवं कमीशनिंग की कार्यवाही आज

**दमोह।** नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन 2023 (उत्तरार्द्ध) संपन्न कराये जाने हेतु नगरपरिषद पटेरा के वार्ड क्रमांक-14 में पार्षद पद का निर्वाचन एवं विकासखण्ड हटा की ग्राम पंचायत हरदुआसड़क के सरपंच पद का निर्वाचन 05 जनवरी 2024 को ई.व्ही.एम. से संपन्न होगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव, नगरपरिषद पटेरा के वार्ड क्रमांक 14 के अभ्यर्थी, अध्यक्ष/उपाध्यक्ष जिला पंचायत दमोह, हटा एवं ग्राम पंचायत हरदुआसड़क विकासखण्ड हटा के अभ्यर्थियों से कहा है कि आज 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे कार्यालय कलेक्ट्रेट में स्थित एन.आई.सी. कक्ष में एवं 31 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे जिला कार्यालय दमोह के ई.व्ही.एम. वेयर हाउस में स्वयं अथवा किसी अधिकृत व्यक्ति/पदाधिकारी को क्रमशः आर.ओ. रेण्डमाइजेशन एवं कमीशनिंग की कार्यवाही के दौरान उपस्थित रहने की अपील की।

### गुना की घटना के बाद जागा पुलिस प्रशासन

# बसों की चेकिंग कर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा




गुना में बस में लगी आग के बाद हुई मौतों के बाद जहां पूरे प्रदेष को इस दर्दनाक घटना ने झकझोर कर रख दिया वही प्रदेष के मुखिया द्वारा लापरवाह अधिकारियो को ठिकानें लगा दिया जिससे दमोह पुलिस इस दर्दनाक हादसे के उपरांत हरकत में आती दिख रही है जिससे अब रोडवेज बसों के फिटनेस और कागजों की जांच चलाना प्रारंभ कर दिया है और यह कब तक जारी रहेगी कहा नहीं जा सकता। शुक्रवार के दिन पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के निर्देशन में, पथरिया एसडीओपी रघु केसरी के मार्गदर्शन में और बटियागढ़ थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी के नेतृत्व में पुलिस द्वारा नीमन तिराहे पर बड़े वाहन जैसे बसें एवं अन्य वाहनों की चेकिंग की गई।लेकिन इस बार का चेकिंग अभियान कुछ अलग ही अंदाज में बटियागढ़ पुलिस नजर आई। उपनिरीक्षक शेष कुमार दुबे के द्वारा अपने अपने स्टाफ के साथ नीमन तिराहे पर सघन वाहन चेकिंग की गई जिसमें कुल 9 बसों को चेक किया गया।चेकिंग के दौरान बसों में अलग-अलग कमियां पाई गई। जैसे ड्राइवर का वर्दी में ना होना, दस्तावेज की कमी, नंबर प्लेट सही ना होना, ओवरलोडिंग आदि। इन्हीं कमियों के कारण चालान किए गए तथा 45सौ रूपये समन शुल्क वसूल किया गया।इस कार्यवाही के मौके पर सहा उपनिरीक्षक रमेश मुडरिया, आरक्षक भगतसिंह, आर अक्षय मिश्रा, आर पवन तिवारी, विशाल सेनी, भरत सिंह, नरेन्द्र सिंह की वाहन चेकिंग में उपस्थित रही।

## कुष्ट रोगियों का किया परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व जिला कुष्ट अधिकारी दमोह एवं मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी पथरिया के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में पीओडी केम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 10 कुष्ट रोगियों का परीक्षण किया गया दमोह से आये डॉ रजनीष गोगरा फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ द्वारा 14 मरीजो को जल-तेल उपचार पद्वति के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। पैरो की विकृति से बचने के संबंध में बताया गया एवं प्लास्टिक टुलस भी बाटे गये, इसके साथ ही दो मरीजों को आर.सी.एस. कराने हेतु विक्टोरिया अस्पताल रेफर किया गया। उक्त कार्यक्रम संजय दुबे एन.एस.ए., लखन गोयल बी.पी.एम एवं रजनीश सिंह बी.ई.ई. की उपस्थिति रही।

## बीच शिक्षा सत्र में पद से पृथक किए गए अतिथि शिक्षकों ने लगाई गुहार

**बनवार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनवार में अतिथि शिक्षकों को बिना किसी कारण बिना अनियमितता के पद से पृथक कर दिया गया है जिससे बीच सत्र में अतिथि शिक्षको को बेरोजगार कर मानसिक कष्ट एवं परिवार भरण पोषण की समस्या खड़ी हो गई है अतिथि शिक्षको ने धमेन्द्र सिंह लोधीराज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) म.प्र. शासन से गुहार लगाते हुए। प्रथक करने की कार्यवाही को रोक कर अतिशीघ्र विद्यालय में वापिस नियुक्ति का ओदश करवाने की मांग की है। अतिथि शिक्षकों ने राज्य मंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि अन्य विद्यालयों में संख्याबल एवं आवश्कतानुसार अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। जैसे बम्होरी उ.मा. विद्यालय एवं अन्य जिलों के विद्यालयों में। परन्तु शासकीय उ.मा. विद्यालय बनवार में संख्याबल एवं आवश्कता को अनदेखाकर बीच सत्र में छात्रों एवं अतिथि शिक्षकों के साथ यह अनुचित कार्यावाही की गई है और छात्रों के भविष्य एवं अतिथि शिक्षको के साथ खिलवाड की जा रही है। अतिथि शिक्षक 14 दिसंबर से यहां वहां भटक रहे है शीघ्र समस्या का निवारण कर हम शिक्षकों को विद्यालय में वापिस लेने का आदेश करने की कृपा करें। इस दौरान समस्त प्रथक हुए अतिथि शिक्षको में मुकेश कुमार विश्वकर्मा, अजय वाजपेई, नरेश झारिया, हीरा लाल सेन, कमलेश अहिरवार, मनीष मिश्रा, ज्योतिस्ना तिवारी, नेहा मकुर की मौजूदगी रही।

# संकुल प्राचार्य ने अतिथि शिक्षिका को किया कार्य मुक्त

### पीड़ित शिक्षिका ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

**हटा।** मध्य प्रदेश में किसी भी ट्रांसफर या प्रमोशन के कारण किसी नियमित शिक्षक के आ जाने पर, अतिथि शिक्षक को कार्य मुक्त नहीं किया जाएगा यदि कोई ऐसा करता है तो उसका कृत्य कदाचरण की श्रेणी में आएगा। उसके खिलाफ शासनादेश की अवहेलना करने का आरोप पत्र जारी किया जा सकता है। उसे विभागीय जांच का सामना करना पड़ सकता है और अनुशासनात्मक कार्रवाई का भागी हो सकता है जैसा आदेश राज्य शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा 4 अक्टूबर 2023 को आदेश जारी किया गया था जिससे अतिथि शिक्षक पूरे सत्र के बीच कार्य मुक्त नहीं किए जा सकते लेकिन हटा विकासखंड के हिनौता संकुल केन्द्र के शास.नवीन माध्यमिक शाला में पदस्थ अतिथि शिक्षिका रक्षा मिश्रा को हिनौता संकुल प्राचार्य द्वारा डीईओ के मौखिक आदेश का हवाला देकर उसको कार्य मुक्त कर दिया गया।जिससे पीड़ित शिक्षिका द्वारा न्याय की गुहार लगाते हुए एसडीएम को आवेदन प्रस्तुत कर सत्र पूर्ण होनें तक शिक्षण कार्य कराए जानें की मांग की गई है।जबकि देखा जाए तो उसी एकीकृत शाला में वर्ग-3 का पद रिक्त पड़ा हुआ है लेकिन संकुल प्राचार्य द्वारा उस रिक्त पर पर अतिथि शिक्षिका का समायोजन नहीं किया गया जिससे पीड़ित शिक्षिका बेरोजगारी की कगार पर खड़ी है।दिए गये आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 4अक्टूबर 2023को लोक शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा आगामी आदेश तक किसी भी अतिथि शिक्षक को कार्य मुक्त न करनें पर रोक लगाई गई थी लेकिन संकुल प्राचार्य की हठ धर्मिता के चलते उसे कार्य मुक्त कर दिया। पीड़ित द्वारा न्याय की गुहार लगाते हुए पुनः शिक्षण कार्य कराए जानें रखा जाए अन्यथा के खिलाफ पीड़ित न्यायालय की शरण में जाकर अपनें न्याय पाने के लिए बाध्य रहेगी।

### डूमर में जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**बनवार।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद जबेरा की ग्राम पंचायत सिमरी जालम डूमर पहुंची। मौके पर मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि विनोद सिंह, डूमर सरपंच छप्पन सिंह, निजाम सिंह लोधी ने आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी आप सभी के पंचायतों में पहुंची है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा गरीबों महिलाओं युवाओं किसानों के लिए चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रही है। देश में अमृत काल चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर विकसित राष्ट्र बने। देश को समृद्ध बनाने में गांव, गरीब, दलित, किसान, महिला युवा को आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक है। इस दौरान उपयंत्री भारत जैन सचिव भवानी चोबे सहायक सचिव जसवंत सिंह शिक्षा स्वास्थ्य राजस्व महिला बाल विकास ग्राम पंचायत इत्यादि विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जैन मिलन की बैठक संपन्न



दमोह। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,एवम शाखा के मार्ग दर्शक सम्मानीय अतिवीर नेम कुमार जैन सराफ के आवाहन पर, शाखा अध्यक्ष अतिवीर ऋषभ जैन (स्टेशन मास्टर)की अध्यक्षता मे आयोजित की गई, सर्व प्रथम भगवान् महावीर प्रार्थना , एवं शाखा मंत्री ऋषभ जैन (खडेरी) ने पूर्व बैठक का वाचन कर संपूर्ण कार्यवाही की जानकारी एवं नई बैठक के बिषयों से अवगत कराया, बैठक के प्रथम बिन्दु भगवान् महावीर 2550 वें निर्वांण वर्ष पर कार्य क्रम हेतु, बरिष्ठ सदस्य वीर पदम जुझार,इंजी आर के जैन, यू सी जैन, नेम चंद भिड़ा जी, कार्य क्रम संयोजक डॉ एल सी जैन, पदम चंद ष्खलीष, ललित सराफ जी, एवं के पी जैन ने अपने विचार रखे जिनमे सर्व समाज के विद्वानों को सासम्मान आमंत्रित कर एक विषय आज के परिवेश में देश हित मे भगवान् महावीर के सिद्धांतों की उपादेयता (आवश्यकता) पर वृहद विचार विद्वत संगोष्ठी का आयोजन करने का प्रस्ताव पारित किया गया, अतिवीर अखिलेश पंडित, के सी जैन, राजकुमार जैन, डॉ जे के जैन, संतोष जैन हीरापुर, राजीव जैन ने भगवान् महावीर के सिद्धांतों पर विभिन्न शालाओ मे छोटी छोटी प्रतियोगिताओं के माध्यम से, तथा स्टिकर प्रिंट करा कर प्रचार प्रसार करने हेतु विचार रखे, उपरोक्त कार्य क्रम हेतु अतिवीर नेमकुमार जैन सराफ को संयोजक बनाया गया, शाखा के कोषाध्यक्ष वीर दीपक जैन बमोरिया एम एल जैन शिक्षक, सहयोग,हेतु आश्यवस्त किया, द्वितीय बिंदु, राष्ट्रीय अधिवेशन बनारस मे भाग लेने के लिए पदाधिकारियों ने सहमति दी, शाखा सदस्यों की नवीन ड्रेस बन कर तैयार है, सभी से फ़र्टिंग चेक करने के लिए कहा गया, बैठक उपरांत सभी सदस्यों ने बैठक आयोजक नेम कुमार सराफ द्वारा सिंघई-किचिन मे ही सौहाद्र-भोज (अन्थोउ) का आनंद उठाया, वीर मोती लाल गोयल जी ने बैठक मे उपस्थित सदस्यों एवं अयोजन कर्ता का आभार प्रकट कर अरिहंत वंदना के साथ बैठक संपन्न की गई।

# स्कूली बच्चों को कराया गया एक्सपोजर विजिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंजगढ



विकास खंड तेंदूखेड़ा के अंतर्गत शासकीय पी एम हाई स्कूल पतलौनी के विद्यार्थियों को 29 दिसंबर को एक्सपोजर विजिट कराया गया। इस क्रम में सर्व प्रथम प्राकृतिक स्थान सांगा नर्सरी का भ्रमण कराया जहां वन विभाग के कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों की जानकारी दी तथा वागवानी व्यवसाय के बारे में जानकारी दी गई । इसके उपरांत विद्यार्थियों को ओद्यौगिक प्रशिक्षण संस्था ITI बम्होरी तेंदूखेड़ा का विजिट कराया गया ।जहां कार्यरत ट्रेनर शिक्षकों द्वारा आईटीआई के विभिन्न ट्रेड, लैब में कई प्रकार के उपकरण, मशीनों से परिचित कराया। इसके बाद बच्चों को भोजन कराया गया। अगले क्रम में विद्यार्थियों को ऐतिहासिक पुरातत्वकालीन शिव मंदिर कोडल का भ्रमण कराया। बच्चों को शिक्षक के एल चौकसे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह शिव मंदिर ग्यारहवीं शताब्दी में कल्चुरी राजाओं ने बनवाया था। यहां कभी बौना चोर का किला भी रहा जिसने धन छुपाने के लिए मठ में कोठी बनाई गई है किले के नीचे तीन किलोमीटर लंबी सुरंग भी है। यह स्मारक 1973 से पुरातत्व के अधीन संरक्षित घोषित किया गया है। एक्सपोजर विजिट में कक्षा 9,10 के 70 बच्चों ने भाग लिया । विजिट के समय विद्यालय के प्राचार्य जे एल अहीरवाल, वाइस प्रिंसिपल के एल चौकसे,शिक्षक सीताराम परस्ते,फागू सिंह मरावी,राहुल जैन,राकेश खरे ,जसवंत सिंह ठाकुर, कुमारी खुशबू सिंह उपस्थित रहे ।

# प्रदेश के लिए मंत्री हूँ लेकिन जबेरा विस का हमेशा सेवक रहूगां : राज्यमंत्री लोधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राज्यमंत्री स्वंतत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी का जबेरा विधानसभा के तेजगढ़, झलौन एवं नगर में जगह-जगह प्रथम आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। राज्यमंत्री धमेन्द्र सिंह ने लाडली बहनो का अभिनंदन करते हुए सभी कार्यकर्ताओ एवं जनता का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा आपके आर्शीवाद से चुनाव जीता हूँ और मंत्री बना हूँ जिसका वे जीवन भर भी कर्ज नहीं चुका सकेंगे। आप लोगो ने जबेरा विधानसभा की रीति ही बदल दी हैं, पहले तो जो एकवार विधायक बन जाता था वह दुवारा विधायक नहीं बनता था। लेकिन आप लोगो ने उन्हें दुवारा विधायक बनाकर आर्शीवाद दिया है। जबेरा नगर की सीमा में पहुंचते ही युवाओ ने राज्यमंत्री के काफिले को रोककर भव्य स्वागत किया। तारादेही तिराहा पर पार्टी पदाधिकारियों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। साथ ही सचिव संघ के द्वारा स्वागत किया गया। अस्पताल के सामने सीबीएमओ आरआर बागरी ने अपने स्टाफ के साथ राज्यमंत्री का स्वागत किया। नगर के गल्ला मंडी मैदान में स्वागत सभा का आयोजन किया गया जिसमें मूरत सिंह लोधी के द्वारा मगज के लड्डूओं से तुलादान कर जनता में वितिरित किए गए। साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओ एवं गणमान्य नागरिको के द्वारा राज्यमंत्री धमेन्द्र सिंह का सम्मान किया गया।

### जबेरा विकास मंच ने किया भव्य स्वागत



जबेरा। जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी के मध्यप्रदेश शासन में राज्य मंत्री बनने के पश्चात प्रथम जबेरा आगमन पर जबेरा विकास मंच की ओर से अध्यक्ष राजेश जैन एवम उनकी टीम ने जॉय विद्यालय जबेरा के सामने भव्य स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर उन्हें अध्यक्ष राजेश जैन ने परम् पूज्य 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी मुनिमहाराज का तैलीय चित्र उन्हें सम्मान स्वरूप भेंट किया गया। उपरोक्त अवसर पर आर बी मिश्रा, रविशंकर बाजपेई, वीरेश सिंघई, राहुल जॉय, नीलेश जैन , अर्पित मलैया, यश बजाज, अक्षत चौधरी, राजा जैन, केशव मिश्रा, रानू नामदेव, सम्यक जैन, सिद्धार्थ जैन , राहुल समैया, मनीष सिंघई , संजय घाना, शिवांग केहरी,अशोक साहू सहित बड़ी संख्या में जॉय विद्यालय का स्टाफ एवम ग्रामीण उपस्थित थे। उक्त अवसर पर राज्यमंत्री ने भारत माता के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद भी ग्रहण किया एवम क्षेत्र की जनता के विकास में कोई कसर न छोड़ने का संकल्प लिया।

### तेजगढ में राज्यमंत्री का हुआ भव्य स्वागत



**तेजगढ़।** दमोह जिला अंतर्गत जबेरा विधानसभा क्षेत्र 56 के दूसरी बार नव निर्वाचित विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी को मप्र शासन में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनने पर प्रथम दौरा ग्राम पंचायत तेजगढ़ में हुआ। पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाजे बजाकर फटाका फोड़ कर फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया। मंच से मंत्री धर्मेंद्र सिह लोधी ने सभी कार्यकर्ताओं लाड़ली लक्ष्मी बहनाओ जनता का आभार व्यक्त करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। जनता ने कहा कि जो इतना स्नेह प्यार दिया है जिसका ऋण में कभी नहीं चुका पाऊंगा और जनता की प्रशंसा करते हुए कहा आप लोगों ने दूसरी बार विधायक बनाया जिससे 20 साल बाद आप सभी को मंत्री मिला। श्री लोधी ने कहा क्षेत्र का विकास गरीबों से लेकर हर व्यक्ति के कार्य किए जाएंगे और क्षेत्र का विकास करना हमारी प्राथमिकता है। घर घर पानी और किसान के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचे हमारा प्रयास रहेगा। विद्यालय शिक्षा विभाग पर कार्य किए जावेगे। जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो। मंत्री धर्मेंद्र सिह लोधी ने मंच से भगवान श्री राम मंदिर उद्घाटन के उपलक्ष में उपस्थित व्यक्तियों से नारा भी लगवाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भारत सिंह, रूपेश सेन पहाड़ी सिंह, हरि सिंह यादव, अनिल विश्वकर्मा, डॉ अनूप सिंह, डॉक्टर के आर सोनी, खिलान सिह, हाकम सिंह, सरपंच जाहर सिंह, भोजराज कोष्टी, गंगाराम बंसल एवं अधिकारी गणमान्य जन ग्रामीण जनता उपस्थित रही। तेजगढ़ से हिनौती पुरा गुंहची के कार्यक्रम मे भाग लेकर मंत्री ने कार्यकर्ताओं व जनता का आभार व्यक्त किया।

# स्वागत सत्कार की बीच कटी कई नेताओं की जेब, एक पकड़ा

बनवार।। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनने के बाद श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी का प्रथम आगमन हुआ था जिसमें जबेरा विधानसभा की प्रवेश सीमा गुबरा से गृह गांव नोहटा तक मंत्री जी के स्वागत में हजारों लोगों की भीड़भाड़ उमड़ी थी। इस दौरान लोग मंत्री जी का स्वागत करने में मग्न रहे इसी बीच भीड़ का फायदा उठाकर जेब कतरों ने सैकड़ों लोगों के जेब काटने में लगे हुए थे जेब कतरों शिकार बने लोगों इसकी जानकारी गुबरा ग्राम में ही पुलिस को दी गई थी लेकिन पुलिस के हांथ जेब कतरों तक नही पहुंच पाए और जब ग्राम जबेरा में मंत्री के स्वागत में भीड़ टूट पड़ी और जेब कतरे ने मंडल अध्यक्ष बनवार शीतल राय के जेब काटने का प्रयास किया। जैसे जेब कतरे का हांथ मंडल अध्यक्ष ने जेब तक पहुंचा ओर मंडल अध्यक्ष ने जेब कतरे का हांथ पकड़ लिया फिर क्या जेब काटने वाली की भीड़ ने जमकर पिटाई कर दी और फिर पुलिस के हवाले यह सिलसिला यहीं नहीं रुका। जबेरा आंगे कलेहरा ग्राम में मंत्री जी के स्वागत करती भीड़ के बीच सक्रिय जेब काटने वाले गिरोह के सदस्यों ने कई लोगों के जेब से हांथ साफ कर दिए। जिसमें मंडल अध्यक्ष राजेश सिंघई 7800 महामंत्री इंद्रजीत सिंह 85 00 युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे 3500 देवेंद्र लंबरदार 8 000 भूपेश गंधर्व संजय जैन के बीस बीस हजार के अलावा दशरथ साहू 7500 सेलू जैन ओपी शर्मा जबेरा सहित सैकड़ों लोगों जिनके जेब काटने की घटना को अंजाम दिया जिसकी शिकायत से आवेदन के माध्यम से जबेरा पुलिस थाना में की गई है । जबेरा थाना प्रभारी विजय अहिरवार ने बताया पकड़ा गया जेब कट अपने आप को जबलपुर निवासी बता रहा है पूछताछ की जा रही है। जबेरा में जेब काटने के बाद कलेहरा में जेब काटने की घटना सामने आ रही है जिससे भीड़ में जेब कट गिरोह के सदस्यों सक्रिय होने के इस मामले की जांच की जा रही है। पकड़े गए जेब कट का रिकार्ड जबलपुर थाना से खंगलवाये जा रहे है और जैव कट गिरोह को पकड़ने पुलिस सक्रिय है।

# राशन दुकानों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगरीय क्षेत्र में संचालित उपभोक्ता भंडार राशन दुकानों में सेल्समेनों द्वारा की जा रही कालाबाजारी की शिकायतों पर शुक्रवार को एसडीएम रीता डहेरिया व खाद्य अधिकारी दीक्षा गुप्ता की संयुक्त टीम द्वारा नगर के गौरीशंकर वार्ड व चंडी जी वार्ड की राशन दुकानों का निरीक्षण किया गया जहां पर चंडी जी राशन दुकान बंद पाई गई वही गौरीशंकर राशन दुकान पर सेल्समेन अनुपस्थित पाया गया।नगर के सभी वार्डो की राशन दुकानें उपभोक्ता भंडार के माध्यम से संचालित की जा रही है जिसमें आए दिन कहीं न कहीं सेल्समेनों द्वारा उपभोक्ताओं को परेशान कर उनके हक पर डाका डाला जा रहा है जिसकी शिकायतें भी संबधित अधिकारियो के पास पहुंच रही है ऐसा ही कुछ मामला चंडी जी वार्ड व गौरीशंकर राशन दुकान में उपभोक्ताओं द्वारा अधिकारियो से विगत दो माह से गेंहू न मिलनें की शिकायतें की गई थी जिस पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम व खाद्य अधिकारी ने शुक्रवार की शाम विवेकानंद उपभोक्ता भंडार व चंडी जी वार्ड उपभोक्ता भंडार राशन दुकान का निरीक्षण किया गया जहां पर वार्ड के उपभोक्ताओं की उपस्थिति में खाद्य अधिकारी द्वारा पंचनामा बनाया गया जिसमें बताया गया कि सेल्समेन द्वारा विगत दो माह से सिर्फ चांवल का ही वितरण किया जा रहा है गेंहू का कम किया गया है लेकिन दुकान बंद पाए जानें वा सेल्समेन की अनुपस्थिति में आवंटित खाद्यान्न का मिलान नहीं हो पाने के कारण दोनो राशन दुकानों के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**खबर संक्षेप**

## पीएससी परीक्षा में चयनित कु. अदिति शांडिल्य के पिताजी का सम्मान किया

**दमोह।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर कु.अदिति शांडिल्य पिता मिथलेश शांडिल्य का चयन जिला संयोजक के पद पर होने पर प्रथम प्रयास में ही हुआ है। बिटिया अदिति शिक्षा विभाग में पदस्थ मिथलेश शांडिल्य कु शिक्षा विभाग सदैव शिक्षा के क्षेत्र में सभी बच्चो के उज्जवल भविष्य हेतु निरंतर प्रयासरत रहता है ,इसी के परिणाम स्वरूप बिटिया अदिति ने पी एस सी परीक्षा के प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल कर संपूर्ण शिक्षा विभाग को गौरवान्वित किया है। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन दमोह, कुंजीलाल पाली अध्यक्ष विकासखंड पथरिया, मुन्नालाल पटेल जिला उपाध्यक्ष सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजकुमार खरे सहित अनेक शिक्षक साथियों ने बिटिया के पिताजी शिक्षा विभाग के विकासखंड पथरिया में कार्यरत मिथलेश शांडिल्य लेखापाल का सम्मान किया गया। साथ ही बिटिया अदिति शांडिल्य को बधाईयां प्रेषित की।

### जिले की सीमा में प्रवेश करते ही कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# प्रथम आगमन पर राज्यमंत्री लखन पटैल का हुआ भव्य स्वागत-सत्कार







हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मंत्री बनने के बाद पथरिया नगर में प्रथम आगमन पर पार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सर्वप्रथम राज्यमंत्री लखन पटेल बासाकला में स्थिति हुनमान मंदिर में गए जहाँ उन्होंने प्रभु हनुमान जी की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात पथरिया नगर की सीमा में प्रवेश करने पर राज्यमंत्री लखन पटेल का जोरदार स्वागत किया गया।आमजन के स्वागत से अभिभूत राजयमंत्री लखन पटेल ने कहा जनता ने जो अपार प्यार-दुलार व समर्थन दिया हैं, उस कर्ज को विकास के माध्यम से उतारा जाएगा। जिला विकास के मायने में कहीं से भी अछूता नहीं रहेगा। उन्होंने रास्ते में लगभग एक दर्जन से अधिक मंदिरों व देव स्थलों पर मत्था टेका और लोगों की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान पूरे मार्ग पर लोगों का कारवां लगा रहा। मंत्री पटेल गढाकोटा में स्थानीय कार्यक्रम के बाद बांसाकला में देव संकट मोचन हनुमान मंदिर जी के दर्शन के नगर प्रवेश किया चौधरी पेट्रोल पंप, चौरसिया मुहल्ला, नगर परिषद, आदर्श डी के स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर,संजय चौराहे पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र गुरु, खरगराम पटेल, भरत यादव, महेश पटेल, योगेश चौधरी, बबलू बाझल, सुनील सराफ, अंकित पटेल, कुलदीप पटेल, सीमांत चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, आमजन मौजूद रहे।

# अस्पताल में आवश्यक सुविधायें दिलाने प्रयास किये जायेंगे: विधायक जयंत मलैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



अस्पताल को बेहतर और व्यवस्थित करने के लिए जो भी आवश्यक सुविधाएं हो, मुहैया करने के लिए आयोजित बैठक में विधायक जयंत मलैया ने अस्पताल के अधिकारियों से वस्तुस्थिति जानी और कहा की यहां पर जो भी कमियां है और जो आवश्यकता है इसके संबंध में अवगत कराये। वे सारी व्यवस्थाएं यहां पर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा परमात्मा के बाद कोई रूप है जिसे सर्वाधिक मान दिया जाता है वह डॉक्टर होता है। जिला अस्पताल में मरच्यूरी पर डेड बॉडी रखी जाती हैं, उसके लिए बॉक्स की मांग की गई। उन्होंने नगर के व्यवसाईयों से इसकी व्यवस्था करने के लिए कहा तत समय ही व्यापारियों के द्वारा डेढ़ लाख रुपए डेड बॉडी रखने के उपकरण के लिए देने की बात कही गई। श्री मलैया ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया नवजात शिशुओं के लिए बनाए गए आईसीयू सहित अन्य वार्डो का अवलोकन किया और यहां की बेहतर व्यवस्थाओं की तारीफ की। नवजात शिशु के लिए बनाए गए आईसीयू अवलोकन कर श्री मलैया ने कहा बहुत ही सुंदर और व्यवस्थित बनाया गया है इसके उपरांत महिलाओं के लिए बनाए गए आईसीयू पहुंचकर उसका भी अवलोकन किया गया। दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया जिला अस्पताल पहुंचे उन्होंने कहा पहले से बहुत बड़ा और बहुत अच्छा हो गया है। अलग-अलग केयर यूनिट्स बहुत अच्छे से चल रहे हैं। साफ-सफाई की व्यवस्था भी पहले से बहुत अच्छी है। उन्होंने कहा अभी भी काफी कुछ और होने की आवश्यकता है। एक और 50 बेड का क्रिटिकल पेशेंट के लिए हॉस्पिटल की बिल्डिंग है, वह भी शीघ्र प्रारंभ हो जाएगी और भी बहुत सारे काम है। सभी लोगों से चर्चा हुई है, जो-जो कार्य जिस स्तर पर हो सकते होंगे, उन्हें करने की कोशिश की जायेगी। श्री मलैया ने कहा पूरे जिले के लोग यहां पर आते हैं, जिले की 14 लाख की आबादी है, अब लोग आते हैं और पहले आते थे, तब में और अब में बहुत फर्क है, अब बेहतर हॉस्पिटल है। हालांकि अभी भी स्टाफ की कमी है, वार्ड बॉय से लेकर स्पेशलिस्ट तक की। कोशिश करेंगे की धीरे-धीरे यह कमी भी दूर हो और इसको और बेहतर बनाया जाए।

# निर्माणाधीन दुकानों में दो विस्फोट से क्षति



**बांदकपुर।** बांदकपुर के मेला ग्राऊंड में निर्माणाधीन दुकानों में मंगलवार 26 दिसंबर की रात करीब 8.40 बजे असामाजिक तत्वों ने एक साथ दो विस्फोट किये जिससे बिल्डिंग को क्षति पहुंची है। मंदिर कमेटी ने सादा आवेदन पत्र पुलिस को दिया है परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिससे असामजिक तत्वों के हौसले बुलंद है।

## विस्फोट की घटना पर पुलिस नही लिख रही एफआईआर

**दमोह।** श्री देव जागेश्वर नाथ मंदिर बांदकपुर में 26 दिसम्बर की रात्रि मे मंदिर ट्रस्ट द्वारा निर्माण कराई जा रही दुकानो में से एक दुकान में विस्फोटक लगाकर दुकान को गिराने का षड़यंत्र किसी के द्वारा किया गया था जिसके सम्बन्ध में मंदिर ट्रस्ट द्वारा एक आवेदन बांदकपुर पुलिस चौकी में दिया गया था लेकिन अभी तक स्थानीय पुलिस द्वारा संतोषजनक कार्यवाही नही की गई है मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने बताया कि देव श्री जागेश्वर नाथ जी मंदिर की दुकान में निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें एक बहुत बड़ा विस्फोट हुआ था जिसकी आवाज लगभग सम्पूर्ण बांदकपुर में सुनाई दी थी जिसकी एफ आई आर लेने से पुलिस के द्वारा टालने का प्रयास किया जा रहा हैं इसके पूर्व भी कुछ अतिक्रमणकारियो के द्वारा एक दुकान की दीवाल को छतिग्रस्त किया था जिसके सम्बन्ध में मंदिर ट्रस्ट द्वारा पुलिस अधीक्षक दमोह को एक आवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया था जिसपर पर आज तक संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई है वहीं वर्तमान के इस घटनाक्रम की शीघ्र जांच इसलिए भी आवश्यक है कि देव श्री जागेश्वर नाथ जी मंदिर बांदकपुर में देश के साथ विदेशो से भी देव दर्शनार्थ दर्शनार्थियों का आना जाना लगा रहता है वहीं 1 जनवरी मकर संक्रांति बसन्त पंचमी शिवरात्रि को भक्तो की भारी भीड़ होती है हो सकता है जिन असामाजिक तत्वो के द्वारा इस घटनाक्रम को अंजाम दिया गया है आगामी दिनों में बड़ी घटना का इनके द्वारा षड़यंत्र रचा जा रहा हो इसलिए पुलिस के द्वारा शीघ्र ही इस घटनाक्रम की जांच होना चाहिए।

# जबलपुर-रहली स्टेट हाईवे पर राहगीरों को सड़क पार करते दिखा बाघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



दमोह सागर और नरसिंहपुर जिले की सीमा में फैले हुए वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में जैसे-जैसे बाघों का कुनबा बढ़ रहा है उनका विचरण क्षेत्र भी बढ़ता जा रहा है। बाघों की बसाहट के कई सालों तक बाघ एक विशेष क्षेत्र में देखे जाते थे लेकिन अब दूसरे क्षेत्रों में देखे जा रहे है बीती रात वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में राहगीरों को एक बाघ रहली-जबलपुर सागर स्टेट हाईवे 15 मार्ग की सड़क पार करते हुए दिखा बाघ को देख कर कार में सवार लोगों की सांसें थम गईं। कुछ लोगों ने सड़क पार कर रहे बाघ को मोबाइल के कैमरे में कैद कर दिया। यह पहली बार है जब लोगों ने इस क्षेत्र में बाघ को सड़क पार करते देखा है। दरअसल टाइगर रिजर्व में जंगली जानवरों के साथ ही बाघों की संख्या 19 पहुंच गई है। अब तक बाघ सिंगपुर, नौरादेही, ढोंगरगांव, मुहली आदि रेजों में करीब 50 वर्ग किमी एरिया में ही विचरण करते थे जो कि रहली जबलपुर मार्ग की सड़क से दस किमी दूर तक है लेकिन अब बाघ सड़क पार दूसरे ओर आ रहे हैं। पिछले दो माह से सड़क के दूसरी ओर के जंगल में बाघ देखे जा रहे हैं और उनकी आवाज सुनाई दे रही है। टाइगर रिजर्व की पहली बाघिन राधा ने भी अपना ठिकाना बदल लिया है तो बीती रात दिखाई दिया बाघ राधा का पहला शावक बताया जा रहा है जो कि अब युवा हो चुका है और वह अन्य बाघों से दूर विचरण करने लगा है आपको बता दें सागर के नौरादेही अभ्यारण्य और दमोह के रानी दुर्गावती अभ्यारण्य को मिलाकर टाइगर रिजर्व बनाया गया है जहां बीते पांच सालों में बाघों की संख्या 19 पहुंच गई है और लगातार कुनबा बढ़ रहा है जहां पर्यटकों की संख्या भी बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर अब टाइगर रिजर्व व नौरादेही की सबसे बड़ी बाघिन राधा ने छह साल बाद अब उसने अपनी टेरेटरी बदल दी है, जिस जंगल में राधा लगातार दिखाई देती थी या उसकी दहाड़ गूंजती थी, अब वहां राधा न तो दिख रही है और न ही उसकी आवाज सुनाई दे रही है।।

# सीएमओ पद पर चयनित बेटी तबस्सुम खान का गृहनगर आगमन पर भव्य स्वागत हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर की बेटी तबस्सुम खान पिता रहीम खान एवं माता बेगम बानो वार्ड 10 निवासी हिण्डोरिया के मुख्य नगर पालिका अधिकारी पद पर चयन होने के बाद प्रथम बार आगमन पर नगर के सर्व समाज के सैकड़ो महिला, पुरुष ,बुजुर्ग , बच्चों आदि ने भव्य स्वागत सत्कार किया गया। इस मौके पर सबसे पहले नगर वासी स्थानीय बस स्टैंड चौगडडा पर एकत्रित हुए । जहाँ पर सबसे पहले विश्व रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर बेटी तबस्सुम के द्वारा माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया गया। उसके बाद नगर के प्रमुख मार्गों पर गाजे बाजे,आतिशबाजी के साथ जीप में सवार होकर एक भव्य स्वागत एवं आशीर्वाद जुलूस निकाला गया। इस दौरान पूरे रास्ते भर गरीब की बेटी तबस्सुम खान का नगर वासियों द्वारा आशीर्वाद देते हुए भव्त इस्तकबाल किया गया। एवं इनके अल्पसंख्यक माता पिता एवं परिजनों को बेटी को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष अवसर प्रदान करने पर उनकी सराहना की एवं बधाईयां दी।बाद मे स्वागत एवं आशीर्वाद जुलूस हजरत बाबा महबूब शाह र.अ. (तकिया वाले बाबा ) के मजार पर पहुँच कर फातेहा ख्वानी के बाद प्रसाद वितरण कर समाप्त किया गया। इस कार्यक्रम में सभी वर्गों के लोग बडी. संख्या मे शामिल हुये।

# खाटू श्याम कीर्तन में जमकर झूमे श्रद्धालु



**दमोह।** दमोह में श्याम दीवाने की टीम द्वारा पहली बार खाटू के बाबा श्याम का गुणगान आयोजित किया गया। इस अवसर पर शनिवार को देर शाम 7 बजे बाबा का दरबार श्याम प्रेमियों द्वारा सजाने के बाद भजनों की अमृत वर्षा प्रारंभ की गई। दमोह दमोह में श्याम दीवाने की टीम द्वारा गायक प्रदीप चंदेल द्वारा गणेश स्तुति से भजन प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात बाबा श्याम की वंदना की गई। भजन प्रारंभ होने के बाद जैसे जैसे रात बढ़ती गई श्रद्धालु गण कीर्तन पंडाल में पहुंचते गए और जब भजन कलाकार विक्की भारतीय की एवं भजन गायिका प्रतीक्षा परमार स्टेज पर पहुंची तब तक पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। प्रतीक्षा परमार के गानों पर लोग रात 1 बजे तक झूमते रहे दोनों हाथों की ताली देकर बाबा श्याम का गुणगान करते रहे। इस दौरान लोगों ने बाबा श्याम को रिझाने का कोई भी कसर बाकी नहीं रखा, रात 1 बजे के बाद गायक कारो द्वारा श्याम भजन की शानदार श्रृंखला प्रस्तुत की गई जो कि रात दो बजे तक अनवरत चलता रहा। इसी बीच दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने भी भजनों का आनंद और धर्म लाभ लिया।

# गौ वंश वध करने के उद्देश्य से गाय को ले जा रहा एक आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक द्वारा गौवंश संरक्षण एवं गौवंश वध रोकथाम हेतु लगातार दबिश एवं कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया था जो इसी तारतम्य थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत द्वारा श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में दिनांक 27.08.23 को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की सीतावावली से कसाई मंडी तकर एक व्यक्ति गले व पैर में रस्सी बांध कर काटने के उद्देश्य से ले जा रहा है। जो कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी को पकड़कर नाम पता पूछा जिसने अपना नाम आफताफ उर्फ मजीत पिता जुम्मन खान उम्र 20 साल निवासी नूरी नगर दमोह का होना बताया जिसकी तलाशी ली गयी जो आरोपी की कमर में वाये तरफ एक लोहे का चाकू लिये मिला आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र. 1119/23 धारा 9 म.प्र. गौवंश प्रतिषेध अधिनियम, 10 म.प्र. कृषक पशु. अधि. 11 पशुओ के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 25 बी आयुध अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया गया। एवं दि. 29.12.23 को भी मुखबिर से सूचना मिलने पर कसाई मंडी दमोह में दो गाय एवं एक बछडा बधा हुये मिनले पर कोतवाली पुलिस द्वारा गाये एवं बछडे को थाने लाया गया। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों में थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत, सउनि. गोबिन्द सिह, प्र.आर. डेलन, पंकज, अनेन्द्र तिवारी, आरक्षक प्रताप, जितेन्द्र शामिल रहे।

## वासु चौबे ने 1500 से अधिक तबला वादकों के बीच अपना स्थान बनाया

दमोह। मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित तानसेन समारोह ग्वालियर 2023 में ताल दरबार कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय के छात्र वासु चौबे ने 1500 से अधिक तबला वादकों के बीच प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया हैं। ज्ञात हो कि ग्वालियर में 25 दिसंबर 2023 को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव रहे। 'इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य आर पी कुर्मी, मुकेश कुमार विश्वकर्मा एवं समस्त विद्यालय परिवार ने छात्र के स्वर्णिम 'प्रगतिशील भविष्य की कामना करते हुए बहुत-बहुत बधाईयां प्रेषित की हैं।

# उस्मान अहमद बने लेखाधिकारी

## दिवंगत पिता का सपना पूरा किया, नरसिंहगढ़ का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



ग्राम नरसिंहगढ के उस्मान अहमद ने वो कर दिखाया है जो लाखों युवाओं का सपना होता है। हर युवा चाहता है कि सिविल सर्विसेज में जाकर देश प्रदेश की सेवा कर सके। हाली ही में जारी मप्र लोक सेवा आयोग के परीक्षा परिणामों में ग्राम के उस्मान अहमद पिता स्व. अब्दुल सत्तार का लेखा अधिकारी पद पर चयन होने की जानकारी लगते ही उनके परिवार में खुशी का माहौल बन गया। परिजनों ने उस्मान ने ढेर सारी शुभकामनायें दी। उस्मान चार भाईयों में दूसरे नंबर का है। उस्मान की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती स्कूल से एवं बाद में शासकीय स्कूल किशनगंज से हुई है। विपरित परस्थितियों के बाद पढकर आज प्रदेश की प्रशासनिक सेवा में चयनित होने से नरसिंहगढ को गौरवान्वित किया है। उस्मान के पिता मरहूम अब्दुल सत्तार का 2008 में स्वर्गवास हो गया था। उसके पूर्व बीमार पिता उस्मान से कहते थे कि पढकर लिखकर अधिकारी बनना व अच्छी नौकरी करना। उनके पिता तो आज इस दुनिया में नहीं लेकिन उस्मान ने जरूर अपने पिता से किया वायदा पूरा कर दिया। उस्मान कहते है कि उनके पिता के आर्शीवाद से ही यह संभव हुआ है। माता शाह जहां बी ने कहा कि उस्मान की मेहनत ने आज उनके सिर गर्व से ऊंचा कर दियी है।

# राजुल की दूसरी किताब हुई लांच

**दमोह।** ज़िले के सिंगपुर गाँव के निवासी राजुल रत्न चौरसिया ने अपने लेखनी के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करने का कार्य रहे है। मुन्ना लाल और चंद्रा कुमारी के पुत्र राजुल रत्न ने अपनी दूसरी पुस्तक ₹सुआइसाइडरः द थ्रिलर मिस्ट्रीइ₹ को लॉन्च किया है, जो अब ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म्स पर उपलब्ध है। राजुल रत्न एक बहुपरकारी व्यक्ति है, जो कई क्षेत्रों में अपने प्रतिभाओं को दिखा चुके हैं। उनकी लेखनी में चुनौतीपूर्ण प्रस्तुतियों से भरी पुस्तक ₹सुआइसाइडर₹ रही है, जिसमें रहस्य और संवेदनशीलता से भरपूर है। उन्होंने 2017 में अपने पहले उपन्यास ₹होस्टेलर्सः द स्टोरी ऑफ अलूफ़ वर्ल्डर₹ के साथ लेखनी का दीदार किया, जिससे उन्होंने सफलता की ऊँचाइयों को छूने का सफर शुरू किया। राजुल रत्न की इस सफलता से युवा पीढ़ी को एक अच्छे उदाहरण की आवश्यकता है, ताकि वे भी अपने सपनों की पूर्ति की दिशा में कदम बढ़ा सकें। उनकी लेखनी से भरी हुई पुस्तकें न केवल मनोरंजनपूर्ण हैं, बल्कि उनमें से एक-एक शब्द युवा पीढ़ी को जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं का सिखावा देती हैं। इस तरह से, राजुल रत्न चौरसिया ने अपने लेखनी के माध्यम से समाज को एक नए दृष्टिकोण से देखने की प्रेरणा दी है और युवा पीढ़ी को सफलता की ऊँचाइयों की ओर प्रेरित किया है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद हिण्डोरिया, जिला दमोह**

क्रं./लोक निर्माण/निविदा/2023/1604 — हिण्डोरिया दिनांक-28/12/2023

**// ऑनलाईन निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से समस्त ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर नं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_UAD_322762_1 29.12.2023 | मुख्यमंत्री शहरी अधेसंरचना विकास योजना (चतुर्थ चरण) अंतर्गत वार्ड क्रं. 01 में खेरा नहर से पटेरा रोड तक एवं वार्ड क्रं. 01 में खुमान आदिवासी से फिल्टर प्लांट तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 1- 04 माह 02-197.78 लाख | 1-12500.00 2-99000.00 | 29/01/2024 |
| 2. | 2023_UAD_322763_1 29.12.2023 | कायाकल्प अभियान 2.0 अंतर्गत वार्ड क्रं. 15 में कुठारी पटेल से सुन्नू मराज के खेत (पिपरिया रोड) तक सीसी रोड निर्माण कार्य | 1- 04 माह 02- 52.72 लाख | 1-10000.00 2-40000.00 | 29/01/2024 |

नोट :- निविदा में किसी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से सामाचारो पत्रों में प्राकशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिक अधिकारी
नगर परिषद हिण्डोरिया, दमोह



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया जिला दमोह म.प्र.**

क्रमांक.क्र / प्र. अ.वि.अ. / 2640/2023

पथरिया दिनॉक 28/12/2023

**इश्तहार**

एतत द्वारा ग्राम बडी शाला सीतानगर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनुज टंडन पिता स्व. प्रभुनारायण टंडन कोषाध्यक्ष - / अधिवक्ता श्री मुकेश श्रीवास्तव के द्वारा मौजा बड़ी शाला सीतानगर जिला दमोह एवं आवेदक श्री महंत हरिदास उम्र 50 वर्ष चेला जागेश्वरदास निवासी गढ़ाकोटा तहसील गढ़ाकोटा जिला सागर द्वारा ट्रस्ट के पूर्व मुहत्तमकार एवं प्रबंध समिति के हरिप्रसन्न दास जी महराज के दिनांक 20.10.2023 को ब्रह्मलीन हो जाने के कारण सीतानगर मंदिर भूमि 250, 16/1, 56, 63 / 3 रकवा 4.95, 5.08, 2.67, 3.86 है. एवं खसरा 14, 28, 39, 40, 81, 83, रकवा 8.81, 0.54, 0.24, 18.19, 1.43, 13.23 एवं 42, 85, 86, 84 रकवा 7.05, 9.06, 0.53, 14.16 एवं खसरा 4 17, रकवा 17.52, 0.73 खसरा नं. 5, 19, 20 रकवा 0.27, 10.41, 5.00 खसरा नं. 2 रकवा 16.40 खसरा नं. 3, 18, 21, रकवा 5.12, 5.99, 17.11 एवं खसरा नं. 586, 613, 622, रकवा 0.95, 8.59, 1.19 एवं खसरा 473 रकवा 4.73 हे. चल अचल संपत्तियाँ हरिप्रसन्न दास जी के स्थान पर अनुज टंडन द्वारा वसीयतनामा पेश किया है कि चेला महंत संतोषदास को मुहत्तमकार / अध्यक्ष के पद पर एवं मंहत हरिदास जी के द्वारा वसीयतनामा पेश की है कि स्वयं को मुहत्तमकार के पद नियुक्त करने का निवेदन किया है।

अत: उभय पक्ष द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर आपत्ति हो तो न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पथरिया में प्रस्तुत कर सकते है ।

पेशी दिनॉक 18/01/2024

आज दिनॉक को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी ।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया,जिला-दमोह(म.प्र.)